(c) what are the steps Government propose to take to implement in the country?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI SAROJ KHAPARDE): (a) and (b) Yes. The UNESCO at its 24th session have resolved for technical support covering education for prevention of the AIDS for national and regional activities, development of educational material and trainining programmes.

(c) Since educational information is an important means for the prevention of AIDS, the Government has taken up educational programmes on AIDS under the National AIDS Control Programme.

Railway passes to freedom fighters

3713. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state whether railways passes issued to freedom fighters are for a limited period or for the whole life?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): The Railway Passes issued to freedom fighters are valid only for a period of one year from the date of issue.

हृदय का वाल्व खराब होने की वजह से मृत्यु

3714. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि "वाल्व" की खराबी की वजह से प्रतिवर्ष भारी संख्या में विशेषकर किशोरों तथा युवकों की मृत्यु हो जाती है ;

(ख) क्या यह सच है कि यह बीमारी सामान्यत: गरीब लोगों को होती है जो इसके इलाज में लगने वाली धनराशि को खर्च करने में असमर्थ होते हैं ;

(ग) यदि हां, तो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में एक वाल्व या दो वाल्वों के बदलवाने में मरीज को कुल कितना खर्च करना पड़ता है तथा दवाईयों खून आदि पर कितना खर्च आता है ;

(घ) क्या सरकार इस संबंध में अध्ययन और सर्वेक्षण करने के लिए संसद सदस्यों तथा चिकित्सकों की एक समिति गठित करने का विचार रखती है जो इस समस्या पर काबू पाने के लिए तौर तरीकों का सुझाव दे और इस बीमारी की मुफ्त चिकित्सा कराने की व्यवस्था करे , और

(ङ) क्या सरकार इस कार्य में रेडक्रास तथा लायन्स कल्ब जैसे स्वैच्छिक संगठनों को शामिल करने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) जी, हां । सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि अनेक बच्चे और युवक जन्मजात कपाटिकी दोष से ग्रस्त हैं।

(ख) जी, हां । निम्न सामाजिक-आर्थिक वर्ग के लोगों को यह बीमारी आमतौर से हो जाती है ।

(ग) इस समय एक वाल्व को बदलने का अनुमानित खर्च 28,000 रुपये तथा दो वाल्वों को बदलने का आनुमानित खर्च 40,000 रुपये है । इसमें दवाएं, वाल्व पर होने वाला खर्च, अस्पताल में ठहरने का खर्च और डिस्पोजेबल वस्तुएं भी शामिल हैं । रक्त के लिए कोई पैसे नहीं लिए जाते हैं ।

(घ) सरकार के पास इस समय संसदीय सदस्यों और डाक्टरों की एक समिति गठित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ङ) चूंकि सरकार को इस बात की जानकारी है कि अकेले सरकारी प्रयासों के साथ कोई भी स्वास्थ्य कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता, इसलिए सरकार द्वारा अपने सभी उपलब्ध कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों को शामिल करने की एक नीति अपनाई गई है ।